एसपी श्रावस्ती के गुडवर्क को मुख्यमंत्री ने सराहा

श्रावस्ती (डीएनएन)। अपराध पर नियन्त्रण एवं अपराधियों पर त्वरित कार्यवाई के लिये चर्चित श्रावस्ती जिले की एसपी प्राची सिंह ने अगस्त माह में अपराध नियन्त्रण तथा आइजीआरएस में आयी

- अपराध नियंत्रण व आइजीआरएस में बेहतर सुनवाई में 88 प्रतिशत रहा

शिकायतों का 88 प्रतिशत निस्तारण किया है। प्रति माह आइजीआरएस पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा मुख्य सचिव उप्र शासन करते हैं। इस मामले में अगस्त माह में श्रावस्ती प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहीं।

उप्र के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती की पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की कार्यशैली व अपराधों पर नियन्त्रण के लिये सराहना किया है। उल्लेखनीय है, पुलिस

अधीक्षक प्राची सिंह ने जिले के कार्यभार सम्भालने के दिन से ही अपराध पर नियन्त्रण एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाई करना शुरू कर दिया था। नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में तस्करी पर अंकुश, बार्डर एरिया के असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर, व कार्यवाई के साथ महिलाओं के उत्पीड़न पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कार्यवाई किया है। वहीं अपराधियों को सख्त से सख्त सजा मिले इसके लिये विवेचना अधिकारियों को पारदर्शी एवं साक्ष्यों के संकलन के साथ चार्जशीट लगाने के लिये कार्यशाला का भी आयोजन किया, जिससे कई अपराधियों को सख्त सजा भी मिली है।

अमन-चैन से खिलवाड़ किया तो होगी कड़ी कार्रवाईः प्राची सिंह

संवाददाता न्यूज

श्रावस्ती। गणेश चतुर्थी, गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं बारावफात त्यौहार को शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह में पुलिस कार्यालय सभागार में शान्ति समिति की बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मौजूद सम्मानित पदाधिकारी से गणेश चतुर्थी, गणेश प्रतिमा विसर्जन एवं बारावफात त्यौहार को मिल-जुल कर शान्तिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सामाजिक सौहार्द के लिए जनपद श्रावस्ती अपनी अलग पहचान रखता है, इस पहचान को बनाये रखने के लिए जनपद वासियों की अपेक्षा आगे रहना चाहिए, जिससे कि जनपद में भाईचारे की मिसाल कायम रह सके। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में अमन-चैन से

शान्ति समिति की बैठक करतीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह।

खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा, ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि त्यौहार के अवसर पर कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनायें आहत हों, कोई भी व्यक्ति जुलूस के दौरान डीजे पर अश्लील गाने नहीं बजायेंगे और न ही वाहक वाहनों का रोकर का जुलूस में भाग लेंगे। यदि ऐसा करते हुए कोई पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। त्यौहार के दौरान कोई भी ऐसी न्यूज़ वायरल करेगा न कोई जिससे अमन-चैन का खतरा उत्पन्न होने की सम्भावना हो। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इमरौन सन्तोष कुमार, प्रभारी प्रतिमा मिश्रिक समेत समस्त थाना प्रभारी एवं पीस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।